हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

11 हाइवे पर बने अवैध कटों को प्राथमिकता के आधार पर बंद किया जाए : डीसी



12 50 में से 14 केन्द्रों पर नहीं हो पा रही खरीद, 5 केन्द्रों पर आया ही नहीं धान



खबर संक्षेप

टोहाना पुलिस ने हेरोइन सप्लायर किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। थाना सदर टोहाना पुलिस ने हेरोइन बरामदगी के मामले में मुख्य सप्लायर को धर दबोचा है। पकड़े गए मुख्य आरोपी की पहचान हरी सिंह पुत्र लिछमन सिंह निवासी गांव मोहम्मदपुर सोत्तर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि 28 अक्टूबर को अपराध शाखा टोहाना की एक टीम एएसआई जतिंद्र सिंह के नेतृत्व में गांव नन्हेड़ी से कुनाल की ओर गश्त पर थी। इसी दौरान नन्हेड़ी अनाज मंडी के पास मोटरसाइकिल पर संदिग्ध अवस्था में बैठे एक युवक बूटा सिंह निवासी कुनाल ढाणी को काबू किया।

30 नवंबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

फतेहाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदाताओं से प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 20 नवंबर, 2026 तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद 30 नवंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि एसआईआर अभियान से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए।

दो नशा तस्कर सहित तीन गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राकेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व पड़ताल के दौरान कालांवाली क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़ गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से आठ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पइसके अलावा पुलिस ने गांव लंबी क्षेत्र से जवाहरलाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया।

स्टडी वीजा के नाम पर 6.78 लाख रुपये ठगे

रतिया। विदेश में स्टडी वीजा लगवाने के नाम पर एक युवती से 6 लाख 78 हजार रुपये लेने और वीजा नहीं लगने पर पूरी राशि वापस न करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती की शिकायत पर आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद थाना शहर रतिया में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कंवलगढ़ निवासी सुमन पुत्री सतपाल ने बताया कि उसने स्टडी वीजा लगवाने के लिए गांव शकरपुरा निवासी हरजीत सिंह और गांव मोहम्मदपुर सौत्र निवासी रवि कुमार से संपर्क किया था।

फतेहाबाद में 2500 आवारा कुत्ते और 450 बंदर बने खतरा

कुत्तों के हवाले शहर, बंदरों का भी आतंक

रोजाना औसतन तीन लोग हो रहे डॉग बाइट का शिकार

- नसबंदी का दूसरा चरण 2 महीने से बंद
- 400 बेसहारा पशु भी सड़कों पर, पकडने के लिए 3 बार टेंडर फिर भी एजेंसी नहीं मिली, बंदरों के हमले में लोगों के कान तक कटे

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर की सडक़ों पर निकलना हो या घर में बैठना, लोगों की सुरक्षा पर आवारा कुत्तों, बंदरों और बेसहारा पशुओं का खतरा मंडरा रहा है। शहर में करीब 2500 आवारा कुत्ते और 450 बंदर हैं, जबकि लगभग 400 बेसहारा पशु सडक़ों पर घूम रहे हैं। कुत्तों के हमले में रोजाना औसतन 3 लोग शिकार हो रहे हैं तो बंदरों के हमले में लोगों के कान तक कट चुके हैं। बंदर स्कूलों में घुसकर बच्चों के मिड-डे मील का राशन भी उठा ले जा रहे हैं। इसके बावजूद नगर परिषद की व्यवस्था टेंडर और बजट की मंजूरी के बीच उलझी हुई है। कुत्तों की नसबंदी का दूसरा चरण दो महीने से बंद है, बंदरों को पकडऩे का नया टेंडर जारी नहीं हुआ और बेसहारा पशुओं को पकडऩे के लिए तीन बार टेंडर लगाने के बाद भी एजेंसी नहीं मिली। ऐसे में सवाल है कि शहरवासियों को इन खतरों से राहत कब मिलेगी।



तीन बार टेंडर, फिर भी सड़कों पर बेसहारा पशु

शहर की मुख्य सडक़ों, बाजारों और गलियों में करीब 400 बेसहारा पशु घूम रहे हैं। सडक़ पर अचानक पशुओं के आने से वाहन चालकों के लिए हादसों का खतरा बना रहता है। नगर परिषद ने पशुओं को पकडऩे के लिए तीन बार टेंडर जारी किए, लेकिन कोई एजेंसी काम करने के लिए आगे नहीं आई। नतीजा यह है कि पशुओं को पकडऩे की व्यवस्था अब तक जमीन पर नहीं उतर सकी है।

राहत के लिए कितने दिन और इंतजार

कुत्तों की नसबंदी दरों के फेर में अटकी है, बंदरों को पकडऩे का टेंडर नहीं हुआ और बेसहारा पशुओं के लिए एजेंसी नहीं मिली। तीनों समस्याओं का समाधान प्रक्रिया में उलझा है, जबकि खतरा शहरवासियों को रोजाना झेलना पड़ रहा है। अब देखना है कि नगर परिषद इन व्यवस्थाओं को शुरू करने के लिए कब तक ठोस कदम उठाती है।

500 के अंतर में दो महीने से बंद नसबंदी अभियान

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी पर नियंत्रण के लिए पहले चरण में करीब 1800 कुत्तों की नसबंदी की गई थी। लेकिन दूसरा चरण दो महीने से अटका हुआ है। एजेंसी एक कुत्ते की नसबंदी और देखभाल के लिए 1300 रुपये मांग रही है, जबकि अधिकारियों ने 800 रुपये प्रति कुत्ते की दर मंजूर की है। दोनों के बीच 500 रुपये का अंतर है। दरों पर सहमति नहीं बनने से अभियान आगे नहीं बढ़ पा रहा। दूसरी तरफ, कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

बंदरों का आतंक, लोगों के कान तक काटे

शहर में करीब 450 बंदरों की मौजूदगी लोगों के लिए परेशानी बनी हुई है। हाल ही में घर में मोमोज बना रहे एक व्यक्ति पर बंदर ने हमला कर उसका कान काट लिया। चोट इतनी गंभीर थी कि डॉक्टरों की टीम भी कान को दोबारा जोड़ नहीं सकी। इससे पहले एक बुजुर्ग महिला भी बंदर के हमले में अपना कान गंवा चुकी हैं। बंदर स्कूलों में घुसकर मिड-डे मील का राशन भी उठा ले जाते हैं। इसके बावजूद बंदरों को पकडऩे का पुराना टेंडर समाप्त होने के बाद नई व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई है।

नगर परिषद का जवाब : फिर लगाएंगे टेंडर

नगर परिषद के ईओ सुरेश चौहान के अनुसार, बेसहारा पशुओं को पकडऩे के लिए दोबारा टेंडर लगाया जाएगा। आवारा कुत्तों को पकडऩे के लिए टेंडर खोला जा चुका है, लेकिन बजट और दरों को लेकर उच्च स्तर से मंजूरी नहीं मिली है। बंदरों को पकडऩे के लिए भी जल्द टेंडर जारी किया जाएगा।



सिरसा। गिरफ्तार किए गए आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

राहुल हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

- शिव चौक के रास्ता रोककर किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने राहुल हत्याकांड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी सैम कुमार, सन्नी कुमार व सक्षम वर्मा के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घायल अरुण कुमार शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्तों राहुल और साहिल के साथ बाइक पर जा रहा था। शिव चौक के पास कीर्ति नगर निवासी सुजल व अन्य युवकों ने उनका रास्ता रोककर हमला कर दिया। हमलावरों ने चाकुओं से वार कर राहुल और अरुण को गंभीर घायल कर दिया। पीड़ित के बयान के आधार पर चार नामजद सहित आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ शहर थाना में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में साहिल और सुजल के बीच पुरानी रंजिश की बात सामने आई है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

अरुण का उपचारी जारी

शहर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने शुक्रवार को बताया कि 27 अक्टूबर की रात्रि को बाइक सवार तीन दोस्तों पर शिव चौक के पास कुछ युवकों ने हमला कर दिया था। हमले में राहुल और अरुण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीसरे दोस्त साहिल ने दोनों घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। बाद में परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। राहुल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बठिंडा एम्स रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अरुण कुमार का सिरसा के निजी अस्पताल में उपचार जारी है।

इनामी बदमाश को अवैध पिस्तौल सहित पकड़ा

- बोर के दो अवैध पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सीआईए रतिया ने एक शातिर अपराधी को शिकंजे में कसने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पांच हजार के इनामी और कुख्यात आरोपी संदीप कुमार पुत्र सूबा सिंह निवासी गांव सिधानी, जिला फतेहाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से .32 बोर व 12 बोर के दो अवैध पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में डीएसपी क्राइम राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हरियाणा व पंजाब के विभिन्न थानों में पहले से आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी पर 5 हजार का इनाम घोषित था, जिसके खिलाफ थाना सदर रतिया में शस्त्र अधिनियम के तहत नया मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। डीएसपी क्राइम राजीव कुमार ने बताया कि इनामी व वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी कड़ी में सीआईए रतिया की टीम एएसआई गोविंद के नेतृत्व में गांव चिम्मो से घासवा रोड की ओर गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।



फतेहाबाद। ईनामी बदमाश की गिरफ्तारी बारे जानकारी देते डीएसपी।

पहले से 8 मामल दर्ज

डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप का रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि उसके खिलाफ गंभीर प्रकृति के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी पर हरियाणा के विभिन्न थानों में 6 मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी देने और अवैध हथियार रखने जैसे अपराध शामिल हैं। इसके अलावा पंजाब में भी आरोपी के खिलाफ हत्या प्रयास के तहत दो अलग-अलग केस दर्ज हैं। डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी के पास से दो अवैध हथियार मिलने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि आरोपी ये हथियार कहां से लाया था और इन्हें रखने के पीछे उसका क्या मकसद था।

बुजुर्ग से लूटपाट में पति-पत्नी काबू

- 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट कर छीने थे सोने के टॉप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के गुरूनानकपुरा में घर में अकेली 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट कर सोने के टॉप्स छीनने की वारदात को सीआईए फतेहाबाद की टीम ने महज एक दिन के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राम पुत्र कन्हैयालाल और उसकी पत्नी मनप्रीत उर्फ मीनू निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है।



फतेहाबाद। बुजुर्ग महिला से लूटपाट मामले में गिरफ्तार आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

तकनीकी व गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई

पुलिस टीम ने दोनों को भूना रोड फ्लाईओवर के पास से काबू किया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीआईए फतेहाबाद की टीम को जांच सौंपी गई। टीम ने तकनीकी व गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए महज एक दिन के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी क्राइम राजीव कुमार ने कहा कि बुजुर्गों और महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

पेट्रोल डलवाकर भागा आरोपी दबोचा

- ईंधन भरवाने के बाद बिना पैसे दिए चकमा देकर हुआ था फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पेट्रोल पंप पर गाड़ी में ईंधन भरवाने के बाद बिना पैसे दिए चकमा देकर फरार होने वाले आरोपी को भट्टूकलां पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रणबीर सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी गांव दसौंधा, पंजाब के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर को गांव मेहूवाला निवासी अक्षय कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह फतेहाबाद-भट्टू रोड पर गांव मानावाली के समीप स्थित दौलतपुरिया फिलिंग स्टेशन पर बतौर सेल्समैन कार्यरत है। उसी दिन दोपहर को एक युवक सफेद रंग की ऑल्टो कार लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचा और गाड़ी की टंकी फुल करने को कहा।सेल्समैन के अनुसार, उसने कार में 26.13 लीटर पेट्रोल डाला, जिसकी कुल कीमत 2,711 रुपये 25 पैसे बनती थी। पेट्रोल डलवाने के बाद कार चालक ने पैसे देने का नाटक किया।



फतेहाबाद। पेट्रोल पम्प पर बिना पैसे दिए फरार युवक पुलिस हिरासत में।

अवैध रूप से बने 6 शोरूमों को किया ध्वस्त

- जिला नगर योजनाकार विभाग ने रतिया रोड पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना में जिला नगर योजनाकार विभाग ने रतिया रोड पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने जेसीबी से अवैध रूप से बनाए गए 6 शोरूमों को ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार कार्यालय से जेई संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कॉलोनी सर्वजीत कौर निवासी टोहाना द्वारा करीब 28 कनाल 18 मरले में बिना लाइसेंस के विकसित की जा रही थी। विभाग द्वारा पहले 22 अप्रैल और फिर 8 मई को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद रेस्टोरेशन ऑर्डर जारी कर 7 दिन का समय दिया गया, लेकिन मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं किया गया। जिसके बाद यह रूटीन कार्रवाई की गई है। जेई संदीप कुमार ने बताया कि टोहाना में बिना लाइसेंस के कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। सभी अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध कॉलोनी काटने वालों को लाइसेंस लेना होगा, सरकार की नई नीतियां आई हैं। यदि कोई गैरकानूनी तरीके से कॉलोनी काटता मिला तो नोटिस देकर ध्वस्त करने के साथ साथ एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी।



फतेहाबाद। टोहाना में अवैध निर्माण गिराती जेसीबी मशीन। *फोटो: हरिभूमि*

योजना जिला में कृषि विज्ञान केंद्र, ढाणी बीकानेरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम में चर्चा

जिले के 81,181 किसानों को 16.36 करोड़ की राशि जारी

पीएम ने गुजरात से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त की जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर जिला में कृषि विज्ञान केंद्र, ढाणी बीकानेरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति के चेयरमैन राजपाल बेनीवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथि चेयरमैन राजपाल बेनीवाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फतेहाबाद के 81,181 किसानों को 16 करोड़ 36 लाख 80 हजार रुपये की राशि जारी की हैं। सरकार का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।



फतेहाबाद। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित चेयरमैन राजपाल बेनीवाल व अन्य कृषि अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी

उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और इनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कृषि विज्ञान केंद्र के संयोजक डॉ. संतोष सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योजना के तहत किसानों को मिलने वाली आर्थिक सहायता और कृषि क्षेत्र में इसके महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. ओमप्रकाश कंबोज, डॉ. सुशील कुमार, खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार तथा तकनीकी सहायक डॉ. कृष्ण कुमार सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

21.8 करोड़ रुपये सिरसा जिला के किसानों के खातों में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की गई। सिरसा के कृषि विज्ञान केंद्र में भी वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतीद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एडवोकेट यतीद्र सिंह ने कहा कि आज देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के खातों में 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे भेजकर प्रधानमंत्री ने सिद्ध कर दिया है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता में देश का अन्नदाता सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान का प्रतीक है। फरवरी 2019 में शुरू हुई इस योजना में प्रत्येक पात्र किसान परिवार को हर वर्ष 6,000 रुपये बिना किसी बिचौलिये के, पूरी पारदर्शिता के साथ सीधे बैंक खाते में मिलना अपने आप में ऐतिहासिक बदलाव है। रबी फसल की बिजाई के समय आई यह राशि बीज, खाद और अन्य जरूरतों के लिए किसानों का बड़ा सहारा बनेगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सिरसा जिले में इस योजना के तहत 1,37,425 किसान पंजीकृत हैं। अब तक 23 किस्तों में सिरसा के किसानों के खातों में कुल 518 करोड़ 80 लाख रुपये सीधे भेजे जा चुके हैं तथा आज की 24वीं किस्त में 21 करोड़ 8 लाख रुपये जिले के किसानों के खातों में पहुंचे हैं।





राघव की इकाई का बीटीएस वीडियो हुआ वायरल

नई दिल्ली। विकास बहल की आगामी फिल्म 'इकाई' की शूटिंग का एक बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें राघव जुयाल और फिल्म से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहीं कोमल पावस्कर नजर आ रहे हैं। यह वीडियो फिल्म की शूटिंग की एक झलक पेश करता है।'किल और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने अभिनय से पहचान बनाने वाले राघव जुयाल लगातार अलग-अलग तरह के किरदारों के साथ प्रयोग कर रहे हैं। अब वह इस आगामी प्रोजेक्ट में कोमल पावस्कर के साथ एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी के रूप में नजर आएंगे। लीक हुए बीटीएस वीडियो में राघव और कोमल को एक पारंपरिक बाजार जैसे माहौल में सीढ़ियों पर बैठे देखा जा सकता है।

लाइफ Style

श्रीनिधि सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ की मशहूर अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने साल 2018 में कन्नड़ फिल्म केजीएफ: चैप्टर 1 से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद वह घर-घर में पहचानी जाने लगीं। केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि शेट्टी ने हिट: द थर्ड केस, कोबरा और तेलुसु कडा जैसी फिल्मों में काम किया।

8 साल के कॅरियर में उनकी चुनिंदा फिल्में आईं। ऐसे कयास लगाए जाते हैं कि केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि ने अपनी फीस 7 से 8 करोड़ रुपए प्रति फिल्म कर दी थी। अब खुद श्रीनिधि शेट्टी ने इन अफवाहों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा कि पैसा उनके लिए मायने नहीं रखता है। केजीएफ फिल्मों (चैप्टर 1 और चैप्टर 2) की सफलता के बाद कहा जा रहा है कि मैं 7 से 8 करोड़ रुपए मांग रही हूं। मैंने अब तक कुछ ही फिल्मों में काम किया है। ऐसे में मैं इतनी बड़ी रकम कैसे मांग सकती हूं? इसलिए, यह सिर्फ एक अफवाह है। अगर पैसा कमाना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य होता तो मैं पिछले कुछ सालों में 30 से 40 फिल्मों में काम कर सकती थी, लेकिन मैं सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती। मैं अच्छी कहानियों और बेहतरीन किरदारों को प्राथमिकता देती हूं। श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबरः 47 - एके47' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म का निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। फिल्म में श्रीनिधि के अलावा लीड रोल में वेंकटेश हैं। वहीं, नारा रोहित, निवेथा पेथुराज और युविना पार्थवी सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



हॉलीवुड मसाला

'लव इन वेन' में मिला लीड रोल



लॉस एंजिल्स। फैंस के 'आइरन मैन' और हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर के तो हम सभी दीवाने हैं। हर सिनेमा दर्शक को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। लेकिन, इस बीच एक बड़ी खबर ये है कि उनके 33 साल के बेटे इंडियो फाल्कनर डाउनी भी जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इंडियो को बतौर लीड हीरो उनकी पहली फीचर फिल्म 'लव इन वीन' में काम मिला है। विल डी लॉस सैंटोस के निर्देशन में बनने वाली यह इंडिपेंडेंट फिल्म राइटर रयान लियोन के नॉवल 'वेस्टिंग टैलेंट' पर बेस्ड है।



ऑस्कर की रेस में भारतीय फिल्म का देंगी साथ

लॉस एंजिल्स। फिल्ममेकर प्रणव भसीन की फिल्म 'वी वर हीअर' को अब ऑस्कर की दौड़ के लिए तैयार किया जा रहा है। उनकी मदद के लिए अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाथ आगे बढ़ाया है। प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर भारतीय सिनेमा को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान दिलाने की दिशा में कदम बढ़ाती नजर आ रही हैं। प्रणव भसीन के निर्देशन और लेखन में बनी शॉर्ट फिल्म 'वी वर हीअर' को अब तक 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। फिल्म से जुड़ने को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक प्रेस नोट में कहा, 'यह फिल्म एक ऐसे विषय को नए और मजेदार अंदाज में पेश करती है, जो आज के समय में काफी प्रासंगिक है।



35 हजार फीट ऊंचाई पर तोड़ा व्रत

नई दिल्ली। परिणीति चोपड़ा ने भी पति की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ का व्रत रखा था। जहां तमाम फिल्म स्टार्स की पत्नियों और एक्ट्रेसेस ने एकसाथ मिलकर इसे सेलिब्रेट किया वहीं एक्ट्रेस ने इसे अलग अंदाज में मनाया है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट कर बताया कि एक्ट्रेस ने अपना व्रत 35 हजार फीट ऊपर पहुंचकर आसमान में तोड़ा। इसी के साथ परिणीति की इन झलकियों नें उनकी बहन प्रियंका चोपड़ा के उस किस्से को ताजा कर दिया है जब चांद न निकलने पर करवाचौथ का व्रत तोड़ने के लिए निक प्रियंका को लेकर प्राइवेट प्लेन से बादलों के पार पहुंच गए थे। परिणीति चोपड़ा ने आज 30 अक्टूबर को इंस्टाग्राम पर ये मजेदार वीडियो शेयर किया है। इन झलकियों में कपल एक एयरक्राफ्ट केबिन के अंदर नजर आ रहे हैं।



ओम चैप्टर 1 में आईपीएस ऑफिसर बनीं साई

मुंबई। अगले महीने 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली 'रामायणम' में सीता का किरदार निभाने के बाद, साई पल्लवी अब 'ओमः चैप्टर 1 – उधिरमः द ब्लड वुड' में एक बिल्कुल अलग रोल में नजर आएंगी। इस आने वाली एक्शन थ्रिलर के मेकर्स ने उनके किरदार, नित्या रेड्डी, से पर्दा उठाया है। फिल्म में वह एक सीबीआई ऑफिसर की भूमिका में हैं, जिन्हें लाल चंदन की अवैध तस्करी की जांच करने का काम सौंपा गया है। फिल्म की पहली झलक में उनके किरदार के अतीत और उस निजी नुकसान की झलक मिलती है, जो उन्हें इस जांच के लिए प्रेरित करता है। इसी वजह से वह धनुष और ममूटी के किरदारों के संपर्क में आती हैं। प्रमोशनल वीडियो में नित्या को 'ईमानदारी, समझदारी और युवा जोश के साथ अनुभव' का एक बेहतरीन मिश्रण बताया गया है।

टीवी मसाला

'फैमिली फुल हाउस' में पहुंचे राजपाल, कॉमेडी से सबको हंसाया



नई दिल्ली। रोहित शर्मा इन दिनों 'फैमिली फुल हाउस' के चलते चर्चा में हैं। क्रिकेटर और होस्ट रोहित शर्मा के शो में हाल ही में राजपाल यादव पहुंचे थे जहां उन्होंने बताया कि कैसे राजपाल यादव की फिल्मों ने उन्हें मैदान पर मुश्किल दिनों से उबरने में मदद की। रोहित शर्मा ने अपनी कुछ पुरानी यादों को शेयर करते हुए कहा, 'जब मैं खेलता हूं, आउट हो जाता हूं या हम मैच हार जाते हैं, तो होटल जाकर मैं काफी दुखी होता हूं। ऐसे में मैं आपकी फिल्में देखता हूं। फिल्म देखने के बाद, जब मैं सुबह उठता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है जैसे कल कुछ हुआ ही नहीं। जैसे मैं जल्दी आउट हुआ ही नहीं।' रोहित शर्मा ने इस बात का सबूत भी दिया कि उन्हें राजपाल यादव की कॉमेडी कितनी पसंद है। उन्होंने अभिनेता से पूछा, 'क्या आप सबूत देखना चाहेंगे?' इसके बाद 2016 का एक वीडियो दिखाया गया, जिसमें रोहित ने एक ऐप का इस्तेमाल करके राजपाल यादव के डायलॉग्स वाले वीडियो बनाए थे।

यंग और स्काउट की दोस्ती में दरार

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का दर्शकों के बीच अच्छा खासा बज देखने को मिल रहा है। जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच इक्वेशन भी बदलते नजर आ रहे हैं। अब हाल ही में घर में कैप्टेंसी टास्क के दौरान जमकर हंगामा देखने को मिला। टास्क के बीच यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हो गई, जिसके बाद घर का माहौल गरमा गया। इस झगड़े ने उस वक्त और तूल पकड़ लिया, जब स्काउट ने दोनों के बीच हुए विवाद पर अपनी राय रखी। हालांकि, स्काउट की बात यंग को बिल्कुल पसंद नहीं आई और देखते ही देखते दोनों के बीच भी बहस शुरू हो गई। दरअसल, जब यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हुई, उस वक्त स्काउट वहां मौजूद नहीं था। वह वॉशरूम गया हुआ था। वापस लौटने के बाद जब उसे पूरे मामले की जानकारी मिली तो उसने गुल्लू से कहा कि लड़ाई मुंह से करनी चाहिए, हाथ-पैर से नहीं।



नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी, विठाबाई बन छाईं श्रद्धा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में श्रद्धा कपूर एक बिल्कुल अलग और दमदार अवतार में नजर आ रही हैं। यह फिल्म 4 दिसंबर, को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'स्त्री' के जरिए दर्शकों को डराने और एंटरटेन करने वाली श्रद्धा इस बार महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने जा रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में लोककला, संघर्ष, जुनून और एक कलाकार की जिंदगी के कई रंग देखने को मिलते हैं। 3 मिनट 2 सैकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक जबरदस्त डॉयलॉग के साथ होती है, जिसमें सुनने को मिलता है कि तुम्हीं ने कहा था ना कि देखते हैं क्या टूटता है? मेरा भरोसा या मेरा घमंड, मेरा भरोसा ही मेरा घमंड था रे, जब वो टूट गया ना सब टूट गया। इसके बाद ट्रेलर में विठाबाई की जिंदगी के संघर्ष को दिखाया गया है।



प्रोफेसर चार्ल्स बनकर दिमाग पर छाए, आखिरी बार 'एवेंजर्स-डूम्सडे में नजर आएंगे पैट्रिक

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज कलाकार पैट्रिक स्टीवर्ट का बुधवार को 86 साल की उम्र में निधन हो गया। अभिनेता ने एक्स-मेन सीरीज में अपने किरदार प्रोफेसर चार्लस जेवियर से दर्शकों का दिल जीता है। उन्होंने एक्स-मेन' फिल्मों में प्रोफेसर एक्स के अलावा कई दूसरे प्रोजेक्ट में यादगार किरदार निभाए हैं। यहां उनके कुछ किरदारों का जिक्र है। पैट्रिक स्टीवर्ट की आखिरी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' होगी, जो 17 दिसंबर को भारत में रिलीज होने वाली है।

नोबलमैन : मिस्टर स्टीवर्ट अपने देश ब्रिटेन में मंच (स्टेज) के एक मशहूर अभिनेता थे। उन्होंने 1966 में रॉयल शेक्सपियर कंपनी के साथ काम करना शुरू किया। उनके सबसे चर्चित किरदारों में 'मैकबेथ' में मुख्य किरदार यानी परेशान कुलीन व्यक्ति (नोबलमैन) शामिल है। मिस्टर स्टीवर्ट ने इस किरदार



के बारे में कहा था, 'मैंने पूरे 365 दिनों तक मैकबेथ का किरदार निभाया। यह किरदार मेरे अंदर इतनी गहराई तक उतर गया था कि उस समय इसने मेरी पूरी जिंदगी पर कब्जा कर लिया था'

प्रोफेसर एक्स : मिस्टर स्टीवर्ट ने कई 'एक्स-मेन' फिल्मों में चार्ल्स जेवियर, यानी प्रोफेसर एक्स का किरदार निभाया। इसमें वह व्हीलचेयर पर बैठे एक अमीर टेलीपैथ (जो दिमाग से दूसरों से जुड़ सकता है) के रूप में नजर आए। उनका यह किरदार काफी मशहूर हुआ।

प्रोफेसर एक्सः हाल ही में मिस्टर स्टीवर्ट ने 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में फिर से यही किरदार निभाया है, जो दिसंबर में रिलीज होने वाली है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि 'मुझे अभी भी दिलचस्प ऑफर मिलते रहते हैं और मुझे नए काम की चुनौतियों का सामना करना अच्छा लगता है। मैं कभी भी आधिकारिक तौर पर रिटायर होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। मैं हमेशा और हमेशा के लिए एक एक्टर ही रहूंगा।'

कैप्टन पिकार्ड : कैप्टन पिकार्ड 20वीं सदी के टेलीविजन के सबसे मशहूर किरदारों में से एक हैं। मिस्टर स्टीवर्ट ने 'स्टार ट्रेकः द नेक्स्ट जेनरेशन' में इस किरदार को बहुत ही शांत और गंभीर अंदाज में निभाया।

पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी

सिनेमा की तकदीर बदलेगा 'सनातन' का नया फॉर्मूला

मुंबई। पौराणिक कहानियों पर आधारित फिल्मों को बड़े बजट में बनाने के जोखिम पर ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन कहते हैं कि हर तरह की फिल्म में जोखिम होता है। फिल्म अच्छी बनेगी तो कमाई होगी और अच्छी नहीं बनी तो नुकसान उठाना पड़ेगा। निर्माता भी समझ रहे हैं कि दर्शक बॉलीवुड के पुराने फार्मूले से ऊब रहे हैं।ऐसे में उन्हें पौराणिक कहानियों के रूप में एक नया फार्मूला नजर आ रहा है। हर कोई जल्द से जल्द इस तरह की फिल्म बनाने और अपनी घोषणा को बड़ा दिखाने में जुटा है। वहीं, ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श का मानना है कि पौराणिक फिल्मों पर बड़ा दांव लगाने के पीछे वैश्विक बाजार में भारतीय सिनेमा की बढ़ती पहुंच एक अहम वजह है।

हाल के वर्षों में मूल रुप से कन्नड़ में बनी ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म कांतारा की सफलता ने साबित किया कि स्थानीय लोककथाओं, परंपराओं और आस्था से जुड़ी कहानियां भी देशभर के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं। अब रामायणम , वाराणसी, जय हनुमान , नाम ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव और महावतार जैसी बड़े बजट की फिल्मों के जरिए मेकर्स पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी में हैं।



कमाई के खुल रहे हैं नए रास्ते

वह कहते हैं, 'कोई निर्माता बड़े पैमाने पर फिल्म बनाना चाहता है, तो उसे रोका नहीं जा सकता। भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए बड़े स्तर पर सोचने और कोशिश करने की जरूरत है। फिल्म का बजट कितना होगा, यह उसकी कहानी की मांग पर निर्भर करता है।

रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे?

पौराणिक फिल्मों का यह दौर भारतीय सिनेमा के विस्तार के लिहाज से अच्छी बात है। जब तक हम एक रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे? रामायणम से शुरुआत हो रही हो, उसके बाद कई और फिल्में आएंगी और ये बहुत अच्छी निशानी है क्योंकि हमें कहीं न कहीं ग्रो होना चाहिए। एक दायरे में रहकर हम अपनी सोच बड़ा नहीं करते हैं। 'फिल्मों के बढ़ते बजट पर पूर्ण पुरुषोत्तम कृष्णावतारम : पार्ट 1 द हार्ट (हृदयम) फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर कहते हैं- सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि फिल्में इतनी महंगी क्यों दिखाई देती हैं

4000 करोड़ की रामायण

नए कलाकारों के साथ इस तरह के विषय को कम बजट में बनाया जा सकता है, और तब फिल्म के सफल होने की उम्मीद और उसकी विश्वसनीयता, दोनों कहीं ज्यादा होती हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीक की मदद से अब फिल्म निर्माण की लागत को अधिक कुशलता से नियंत्रित करना भी संभव हुआ है। दो पार्ट में बन रही रामायणम का चार हजार करोड़ रुपये का बजट काफी चर्चा में रहा है। हालांकि फिल्म के निर्माता और अभिनेता यश ने स्पष्ट किया कि यह एक गलतफहमी है। चार हजार करोड़ रुपए का बजट दोनों फिल्मों का संयुक्त बजट है। इसमें फिल्म की रिलीज और प्रमोशन का खर्च भी शामिल है। हॉलीवुड में भी इसी तरह बजट की गणना की जाती है। निर्माता नमित मल्होत्रा ने सभी खर्चों को जोड़कर यह आंकड़ा बताया है। वहां फिल्म के निर्माण पर खर्च होने वाली रकम के बराबर, और कभी-कभी उससे भी ज्यादा पैसा प्रमोशन पर खर्च किया जाता है, क्योंकि फिल्म को वैश्विक स्तर पर रिलीज किया जाना होता है, लेकिन उससे होने वाली कमाई भी वैश्विक होती है। हालांकि बड़ा बजट होने पर दर्शकों की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती है।

खबर संक्षेप

युवक पर हमले का पांचवां आरोपी काबू

फतेहाबाद। पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद युवक पर लाठी-डंडों और लोहे के पाइपों से हमला करने, रास्ता रोकने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरीश उर्फ हैरी उर्फ डोगर पुत्र जीत सिंह निवासी अशोक नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी उप-निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि 19 सितंबर को अशोक नगर निवासी हैप्पी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़ित ने बताया कि उसने एक व्यक्ति को एक लाख रुपये उधार दिए थे।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को

सिरसा। भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में एक जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समय-सारिणी में संशोधन किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियों के नोटिस चरण तथा उनके निपटान की प्रक्रिया अब 20 नवंबर 2026 तक जारी रहेगी। वहीं मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर 2026 को किया जाएगा। चुनाव तहसीलदार हनुमान दास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आदेश के अनुसार हरियाणा के लिए एसआईआर की संशोधित समय-सारिणी निर्धारित की गई है।

ट्रालियां किसान यूनियन ने प्रशासन को सौंपी

रतिया। भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ द्वारा उजागर किए गए धान घोटाले में पकड़ी गई दो ट्रैक्टर ट्रालियां आज किसान यूनियन ने प्रशासन को सौंप दी। भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के प्रधान राजविंदर सिंह चाहल व प्रवक्ता राम जाट ने बताया कि 26 अक्टूबर को गोरखपुर मंडी से चल रहे धान के घोटाले को एक्सपोज करने के लिए उन्होंने धान से भरी दो ट्रालियों को पकडक़र गुरुद्वारा श्री अजीतसर में खड़ी किया था, जिसकी शिकायत एसडीएम रतिया को दे दी गई थी। किसान नेताओं ने बताया कि इन ट्रालियों के एवज में दो मार्केट कमेटी सेक्रेटरी नापे गए हैं। सरकार द्वारा करवाई गई जांच के बाद रतिया और भूना मार्केट कमेटी सचिव का तबादला कर दिया गया है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की समीक्षा बैठक

हाइवे पर बने अवैध कटों को प्राथमिकता के आधार पर बंद किया जाए : डीसी

- दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक सिग्नल की भी व्यवस्था की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद



फतेहाबाद। जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

सर्दी के मौसम के मद्देनजर धुंध के दौरान लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा के सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके। यह निर्देश डीसी डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने बैठक में जिला में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटना संभावित स्थानों, यातायात व्यवस्था, चालान कार्रवाई तथा विभिन्न विभागों की लंबित कार्रवाई रिपोर्ट की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाइवे पर बने अवैध कटों को प्राथमिकता के आधार पर बंद करवाने के साथ-साथ सड़क पर साइन बोर्ड भी लगवाना सुनिश्चित किया जाए। दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक सिग्नल की भी समूचित व्यवस्था की जाए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने के साथ समय-समय पर स्कूल बसों की भी जांच की जाए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला, आरटीए सचिव संजय बिश्नोई, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली, वन मंडल अधिकारी राजेश कुमार, एक्सईएन देवेंद्र सिंह, राहुल चहल, अशोक कुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

संबंधित विभागों को दिए निर्देश

बैठक में उन्होंने नगर निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के सीजन के मद्देनजर शहर में स्ट्रीट लाइट की समूचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे यातायात निमयों का पालन करें और अपने वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करे ताकि बाजारों में जाम इत्यादि की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईवे पर गलत दिशा में वाहन चलाने, ओवर स्पीड, ओवरलोडिंग और अन्य यातायात उल्लंघनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये, ताकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके।



फतेहाबाद। कुरुक्षेत्र के शैक्षणिक भ्रमण में शामिल विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जेएनवी के विद्यार्थियों ने किया कुरुक्षेत्र भ्रमण

- कक्षा आठवीं व नौवीं के कुल 145 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खाराखेड़ी द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढक़र वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोडऩे तथा उनमें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक चेतना विकसित करने के उद्देश्य से हरियाणा की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी कुरुक्षेत्र का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। पीएम श्री योजना के अंतर्गत आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण में कक्षा आठवीं व नौवीं के कुल 145 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें 85 छात्र एवं 60 छात्राएं शामिल रही।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम ज्योतिसर का भ्रमण कर श्रीमद्भगवद्गीता की उपदेश स्थली के महत्व को जाना। इसके बाद कल्पना चावला तारामंडल में ग्रहों, तारों, सौरमंडल एवं अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं।

विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

विद्यार्थियों ने 1857 युद्ध स्मारक पर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के संघर्ष एवं बलिदान को याद किया। वहीं ब्रह्मसरोवर में भारतीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के महत्व को जाना। श्रीकृष्ण संग्रहालय में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, महाभारत एवं भारतीय दर्शन से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। भ्रमण के अंतिम पड़ाव पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक मॉडलों एवं प्रदर्शनों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप में समझा।

फतेहाबाद, रतिया और टोहाना में रन फॉर यूनिटी आज, बेदी व बबली होंगे चीफ गेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद

- फतेहाबाद में राष्ट्रीय एकता दौड़ की शुरुआत सुबह 7 बजे स्थानीय पंचायत भवन से होगी

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को जिलेभर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फतेहाबाद में राष्ट्रीय एकता दौड़ की शुरुआत सुबह 7 बजे स्थानीय पंचायत भवन से होगी तथा इसका समापन एमएम कॉलेज में किया जाएगा। कार्यक्रम में कैबिनेटमंत्री कृष्ण कुमार बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि पूर्व विधायक दुड़ाराम विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके जीवन और योगदान से प्रेरणा लेते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उनके आदर्श आज भी प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं। डीसी डॉ. विवेक भारती ने जिलावासियों, युवाओं, विद्यार्थियों, खिलाडिय़ों, कर्मचारियों एवं सामाजिक संगठनों से आह्वान किया कि वे रन फॉर यूनिटी में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता के इस आयोजन को सफल बनाएं।

टोहाना में पूर्व मंत्री बबली भी लगाएंगे दौड़

टोहाना। लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के महान शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्तूबर को टोहाना में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, खिलाडिय़ों, कर्मचारियों सहित क्षेत्र के आमजन की भागीदारी रहेगी। हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रातः 6:30 बजे सभी प्रतिभागी अंबेडकर चौक पर एकत्रित होंगे। प्रातः 6:45 बजे मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा तथा प्रातः 7 बजे रन फॉर यूनिटी की शुरुआत अंबेडकर चौक से होगी। यह दौड़ रतिया रोड होते हुए मारुति शोरूम के सामने स्थित न्यू बाईपास मोड़ तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

रतिया में तहसील कार्यालय से शुरू होगी दौड़

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को रतिया में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों, खिलाडिय़ों, कर्मचारियों, युवाओं और आम नागरिकों की भागीदारी रहेगी। प्रातः 6:45 बजे मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा तथा प्रातः 7 बजे 'रन फॉर यूनिटी' की शुरुआत दौड़ का आयोजन तहसील कार्यालय से कम्युनिटी हॉल, बुढ़लाडा रोड तक किया जाएगा। दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

पुलिस लाइन में नि:शुल्क नेत्र जांच में करीब 150 लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद

पुलिस शहीदी पखवाड़े के तहत पुलिस लाइन फतेहाबाद में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए विशेष निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में करीब 150 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ आंखों की देखभाल एवं नेत्र रोगों के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में प्रतिष्ठित आई क्यू नेत्र अस्पताल, फतेहाबाद की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आंचल एवं उनकी टीम ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों की आधुनिक मशीनों के माध्यम से आंखों की जांच की। इस दौरान करीब 150 लोगों ने नेत्र जांच एवं परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में मायोपिया, लेसिक लेजर तथा आंखों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के बारे में विशेषज्ञ परामर्श दिया गया। चिकित्सकीय जांच के उपरांत जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध करवाई गई। डॉ. आंचल ने शिविर में उपस्थित पुलिसकर्मियों को आंखों की नियमित जांच करवाने, डिजिटल उपकरणों के अधिक इस्तेमाल के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि समय पर जांच एवं उचित उपचार से आंखों की अनेक समस्याओं का शुरुआती अवस्था में ही पता लगाया जा सकता है।



टीम को किया सम्मानित

शिविर के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने पुलिस विभाग की ओर से डॉ. आंचल एवं उनकी पूरी चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए चिकित्सक एवं उनकी टीम को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आई क्यू नेत्र अस्पताल प्रशासन की ओर से भी पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हैं। ऐसे में उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी अत्यंत आवश्यक है।

पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

सिरसा। पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पुलिस लाइन सिरसा के सामुदायिक केंद्र में पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य अस्पताल सिरसा से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पुलिस जवानों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें जरूरी चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रेशम प्रीत, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. श्वेता डूडी, डॉ. रिया और मेडिकल ऑफिसर डॉ. विकास अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। चिकित्सकों ने अलग-अलग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर उचित सलाह दी।

एनीमिया मुक्त भारत अभियान की कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण



भट्टूकलां। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल भट्टू कलां में अनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत अध्यापकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के सरकारी और निजी विद्यालयों के अध्यापकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यशाला के दौरान कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को एनीमिया से बचाव के लिए दी जाने वाली आयरन-फॉलिक एसिड की गोलियां सही तरीके से खिलाने और उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करने के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी भट्टू कलां ओम प्रकाश ने शिरकत की। अध्यापकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अध्यापकों को एनीमिया के लक्षणों और इसके बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनसे अपील की कि वे विद्यालयों में बच्चों व उनके अभिभावकों को भी इसके प्रति निरंतर जागरूक और प्रोत्साहित करें।

योग शून्य बजट की प्राचीन पद्धति : राज्य पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद

योगासन को खेल का दर्जा देना केंद्र व हरियाणा सरकार का एक बेहद सराहनीय और ऐतिहासिक कदम है। इससे न केवल योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी, बल्कि युवाओं में इसके प्रति रुझान भी बढ़ेगा। यह बात जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मताना में चल रहे शारीरिक शिक्षकों के 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन शिविर का निरीक्षण करते हुए राज्य प्रशिक्षण पर्यवेक्षक एवं भारत स्वाभिमान हरियाणा के प्रभारी ईश आर्य ने कही।

शिविर में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि योग हमारे ऋषियों-मुनियों की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है,जो बिना किसी खर्च से मानव शरीर को पूरी तरह स्वस्थ और निरोग रखने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक और तनावपूर्ण जीवन में योग की प्रासंगिकता और ज्यादा बढ़ गई है। सरकार द्वारा इसे खेलों में शामिल करने से अब स्कूलों और खेल मैदानों में भी योग का व्यापक प्रसार होगा, जिससे आने वाली पीढ़ी शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनेगी। निरीक्षण के दौरान



राज्य पर्यवेक्षक ने शिविर की गतिविधियों का बारीकी से जायजा लिया और शारीरिक शिक्षकों को योग की बारीकियों से अवगत कराया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य योग प्रशिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर मदन गोपाल ने मिताहार, योगासन स्पोर्ट्स के आप्सन आसनों, टाई ब्रेक नार्मज तथा योग ऋषि स्वामी रामदेव के जीवन परिचय के बारे में बताया। योग प्रशिक्षक चंद्रप्रकाश आर्य ने श्लोकों का कंठपाठ करवाया तथा गीता के श्लोकों के बारे में बताया। इससे पूर्व सुबह के योग सत्र में आयुष विभाग की योग विशेषज्ञा अंबिका पांटा व योग आयुष सहायक सुरेन्द्र शर्मा ने षटकर्म, सूक्ष्म व यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

गांव बोड़ा व बलियाला में 13 नशा पीड़ितों की काउंसलिंग कर वितरित की दवाइयां

फतेहाबाद। नशे की गिरफ्त में आए व्यक्तियों को सही उपचार के माध्यम से स्वस्थ जीवन की ओर लौटाने तथा समाज को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन जीवन ज्योति अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में उपनिरीक्षक सुंदर लाल के नेतृत्व में नशामुक्ति टीम ने गांव बोड़ा व बलियाला का दौरा किया। इस दौरान टीम ने 13 उपचाराधीन व्यक्तियों से मुलाकात कर उनका फॉलोअप लिया। पुलिस टीम ने इन नशा पीड़ितों की काउंसलिंग करने के साथ-साथ उनके उपचार की प्रगति का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक दवाएं दोबारा उपलब्ध करवाईं। इसके अलावा दोनों गांवों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर ग्रामीणों को नशे के सामाजिक व शारीरिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। उपनिरीक्षक सुंदर लाल ने बताया कि ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत केवल नशा पीड़ितों को उपचार से जोडऩा ही नहीं, बल्कि उनके नियमित फॉलोअप पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में टीम ने गांव बोड़ा और बलियाला में पहले से इलाज करवा रहे 13 व्यक्तियों



प्रतिभाशाली बालिकाएं होंगी सम्मानित

फतेहाबाद। महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता रानी ने बताया कि जिले की ऐसी बालिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिन्होंने खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, समाज सेवा, मीडिया एवं साहित्य तथा बहादुरी के क्षेत्र में राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

सीएमके के विद्यार्थियों ने युवा महोत्सव में जीते 7 पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭| सिरसा

- विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करते हुए कुल सात पुरस्कार हासिल किए

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 13वें त्रिवेणी युवा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल सात पुरस्कार हासिल किए।

युवा महोत्सव में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणवी सोलो (फीमेल), माइम और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल में द्वितीय स्थान इसके अतिरिक्त क्लासिकल सोलो फोक ऑर्केस्ट्रा और इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करना विद्यार्थियों की मेहनत, निरंतर अभ्यास और समर्पण को दर्शाता है। प्राचार्या अंशु उप्पल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय युवा महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी रचनात्मक क्षमताओं को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। प्राचार्या ने कहा कि सात प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करना पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है।

एक नवंबर को रोहतक में निकलेगी पदयात्रा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी होंगे शामिल

एसआईआर पर भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेना चाहता है विपक्ष : सुभाष बराला

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मतदाता सूचियों के एसआईआर को लेकर विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष के पास जनता के बीच जाने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। यही कारण है कि वह एसआईआर जैसी संवैधानिक और नियमित प्रक्रिया को लेकर भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहा है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को मजबूत बनाने की



राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

दिशा में एक आवश्यक कदम है और इसका विरोध करने के बजाय सभी राजनीतिक दलों को इसमें सहयोग करना चाहिए।

सांसद ने कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। चुनाव से पहले मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण समय-समय पर होता रहा है और कांग्रेस के शासनकाल में भी कई बार यह प्रक्रिया संपन्न हुई है। उस समय कांग्रेस ने इस पर कोई सवाल नहीं उठाए, लेकिन आज राजनीतिक स्वार्थ के चलते इसी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित होना बेहद जरूरी है। इसमें प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम शामिल होना चाहिए तथा अपात्र नामों और अन्य त्रुटियों को नियमानुसार दुरुस्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावों में मिल रही पराजय से कांग्रेस हताश और निराश है। चाहे चुनाव ईवीएम से हों या बैलेट पेपर से, जनता अपने मताधिकार के माध्यम से लगातार अपना फैसला सुना रही है। कांग्रेस को अपनी हार के कारणों का आत्ममंथन करना चाहिए, न कि संवैधानिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह करना चाहिए। झूठ और भ्रम की राजनीति से जनता का विश्वास हासिल नहीं किया। सकता।

जनजागरण अभियान को गति देना उद्देश्य

बराला ने बताया कि एसआईआर को लेकर जनजागरण अभियान को गति देने और लोकतंत्र की मजबूती का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी एक नवंबर को रोहतक में विशाल पदयात्रा आयोजित की जाएगी। इस पदयात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदाता सूची के शुद्धिकरण और जनभागीदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

खबर संक्षेप

सीडीएलयू में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. विष्णु भगवान ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय करवाना सरदार पटेल की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक था। उनके दृढ़ नेतृत्व, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण ने भारत की एकता एवं अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया।

एसडीएम ने माधोसिंघाना स्कूल का किया निरीक्षण

सिरसा। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने पीएम-श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माधोसिंघाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्कूलों के शौचालयों की स्थिति, मिड-डे मील की गुणवत्ता तथा परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

बढ़ती महंगाई बनी लोगों की मुख्य समस्याः शर्मा

सिरसा। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में महंगाई लगातार बढ़ रही है और इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। त्योहारों के सीजन में जहां हर परिवार अपने घर की जरूरतों के साथ-साथ खुशियों के लिए खरीदारी करना चाहता है, वहीं बढ़ती महंगाई ने लोगों के सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। शर्मा ने जारी बयान में कहा कि आम आदमी के लिए अब घर की जरूरी वस्तुओं की खरीदारी करना ही मुश्किल होता जा रहा है। त्योहारों के अवसर पर कपड़े, मिठाइयां, घरेलू सामान और अन्य जरूरी चीजें खरीदना लोगों के बजट से बाहर होता जा रहा है।

छात्रों को बाल अधिकारों पर किया जागरूक

सिरसा। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत चलाए जा रहे पेन इंडिया स्कूल अवेयरनेस कैंपेन के अंतर्गत चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, सिरसा द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत चाइल्ड वेलफेयर कमेटी सिरसा के चेयरमैन डॉ. मदन लाल ने महाराजा अग्रसेन स्कूल सिरसा, आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जलालआना तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केवल में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों को पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध कानून, साइबर फ्रॉड, अधिकारों से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक दीं।

पीएनबी ने आरसेटी में लगाया रक्तदान शिविर

सिरसा। रेडक्रॉस के सौजन्य से पंजाब नैशनल बैंक की ओर से आरसेटी परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पीएनबी चीफ कुलदीप सिंह राणा ने रक्तदान के महत्व पर लोगों को जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए आगे आने का संदेश दिया गया। राणा ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है, इसलिए समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। आरसेटी निदेशक जितेश कंबोज ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता लाने के साथ-साथ जरूरतमंदों की मदद करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस प्रकार के शिविरों से युवाओं और आमजन को भी रक्तदान के प्रति प्रेरणा मिलती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

जिले में 4.75 लाख टन आवक के मुकाबले 3.73 लाख टन की खरीद

50 में से 14 केन्द्रों पर नहीं हो पा रही खरीद, 5 केन्द्रों पर आया ही नहीं धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले की अनाज मंडियों में धान की खरीद के बीच कई खरीद केंद्रों पर अब तक खरीद शुरू नहीं हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जिले के 50 खरीद केंद्रों में से 14 केंद्र ऐसे हैं, जहां कुल खरीद शून्य दर्ज की गई है। इनमें से पांच केंद्रों पर धान का एक दाना भी नहीं आया। वहीं, कुछ केंद्रों पर धान पहुंचने के बावजूद खरीद का आंकड़ा शून्य है। दूसरी ओर, टोहाना, रतिया और फतेहाबाद जैसे प्रमुख केंद्रों पर धान की बड़ी मात्रा पहुंच चुकी है और खरीद भी जारी है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, जिले के सभी केंद्रों पर कुल 4,74,895.79 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसमें से 3,72,743.6 मीट्रिक टन की खरीद दर्ज की गई है। यानी कुल आवक के मुकाबले करीब 78 प्रतिशत धान की खरीद हुई है। जिन 14 केन्द्रों पर अभी तक खरीद शुरू नहीं हुई है, उनमें गांव अहरवां, हिंदालवाला, नांगला, रेहनवाली, एसपी सोत्तर, ठरवा, कमाना, पीलीमंदौरी, किरढ़ान, ढाणी गोपाल और भिरड़ाना सहित कुछ केंद्र शामिल है। इसके अलावा बबनपुर, बहबलपुर, बलियाला के खरीद केंद्रों पर धान आया ही नहीं। केंद्रवार आंकड़ों में टोहाना सबसे आगे है। यहां कुल 80,709.9 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें 67,343 मीट्रिक टन की खरीद दर्ज की गई। रतिया में 52,854.5 मीट्रिक टन आवक के मुकाबले 44,328 मीट्रिक टन की खरीद हुई। फतेहाबाद केंद्र पर 46,112.72 मीट्रिक टन आवक और 41,730 मीट्रिक टन खरीद दर्ज की गई। इन केंद्रों पर खरीद का काम बड़े स्तर पर चल रहा है। खरीद के साथ उठान की स्थिति भी एक जैसी नहीं है। जिले में अब तक 2,37,065 मीट्रिक टन धान का उठान हुआ है।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में लगी धान की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

39,908 किसानों को, 543.62 करोड़ का भुगतान

अब तक जिले के 39,908 किसानों की फसल खरीदी जा चुकी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार किसानों को कुल 543.62 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। एजेंसीवार भुगतान में हैफेड ने 15,851 किसानों को 209.50 करोड़ रुपये, फूड सप्लाई ने 16,050 किसानों को 204.21 करोड़ रुपये और एचडब्ल्यूसी ने 8,007 किसानों को 129.91 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। कुल खरीद के मूल्य के मुकाबले भुगतान का अनुपात हैफेड में करीब 62 प्रतिशत, फूड सप्लाई में 59 प्रतिशत और एचडब्ल्यूसी में 56 प्रतिशत बताया गया है। धान की मिलिंग के लिए जिले में 238 राइस मिलें आवंटित की गई हैं। इनमें फूड सप्लाई के पास 100, हैफेड के पास 82 और एचडब्ल्यूसी के पास 56 मिलें हैं।



फतेहाबाद। टोहाना अतिरिक्त अनाज मण्डी का दौरा करते एसडीएम।

एसडीएम ने मंडी में धान खरीद का लिया जायजा

फतेहाबाद। टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने अतिरिक्त अनाज मंडी टोहाना का दौरा कर धान खरीद सीजन के तहत खरीद का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में धान खरीद, फसल के पंजीकरण, गेट पास जारी करने तथा खरीदे गए धान के उठान से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसडीएम आकाश शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में धान की खरीद पारदर्शिता एवं नियमानुसार तरीके से की जाए। मंडी परिसर में किसी भी अनधिकृत वाहन अथवा अन्य साधन को प्रवेश की अनुमति न दी जाए। उन्होंने कहा कि मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों की फसल का पंजीकरण निर्धारित पोर्टल एवं रिकॉर्ड के अनुसार अच्छी तरह जांचा जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गेट पास जारी करते समय पूरी सतर्कता बरती जाए और केवल नियमानुसार अधिकृत किसानों एवं वाहनों के लिए ही गेट पास जारी किए जाएं। बिना उचित सत्यापन के किसी भी वाहन को मंडी में प्रवेश अथवा खरीद प्रक्रिया में शामिल न किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी के प्रवेश द्वारों पर निगरानी व्यवस्था प्रभावी रखी जाए और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने खरीदे जा चुके धान की लिफ्टिंग प्रक्रिया की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित एजेंसियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में धान के उठान कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि मंडी में अनावश्यक रूप से धान का भंडारण न हो और नई फसल लेकर आने वाले किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

रोल प्ले व लोक नृत्य में पिरथला की टीम प्रथम



फतेहाबाद। डाइट मताना में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य।

■ अंतर विद्यालय प्रतियोगिता से टीम भावना होती है विकसित: प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डाइट मताना, फतेहाबाद के प्रांगण में जिला स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डाइट प्राचार्य विनोद कुमार श्योराण के नेतृत्व तथा वरिष्ठ प्रवक्ता शेर सिंह, राकेश कुमार एवं आशीष कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न ब्लॉकों से प्रथम स्थान प्राप्त करके आई प्रतिभागी टीमों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य विनोद कुमार श्योराण ने कहा कि इस प्रकार की अंतर-विद्यालयीन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में टीम भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और नेतृत्व क्षमता का सर्वांगीण विकास होता है। इस वर्ष की प्रतियोगिताएं पर्यावरण संरक्षण, लडक़ा-लडक़ी में समानता, भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य, इंटरनेट व मीडिया साक्षरता, मादक पदार्थों की रोकथाम तथा पोषित भोजन जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक और समसामयिक विषयों पर आधारित रहीं। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका नेहा, कमलेश बागड़ी तथा जसविन्द्र कौर द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम की मुख्य प्रेरणा सुनील कुमार प्रवक्ता रहे, जबकि पूरे कार्यक्रम की देखरेख व संयोजन प्रवक्ता आकाशदीप व देवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

ये रहे विजेता

कड़े मुकाबले के बीच लोक नृत्य प्रतियोगिता में जीएसएसएस पिरथला की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। जीएमएस डूल्ट की टीम द्वितीय तथा पीएम श्री जीएसएसएस शेखुपुर दड़ौली की टीम तृतीय स्थान पर रही। दूसरी ओर, रोल प्ले प्रतियोगिता में राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भूना की टीम ने पहला स्थान पाया। जीएमएसएसएसएस जाखल की टीम दूसरे तथा जीएसएसएसएन माजरा की टीम तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



सिरसा। कार्यक्रम में उपस्थित भावी शिक्षक व संबोधित करते प्राचार्या।

बीएड विद्यार्थियों को 16 सप्ताह की स्कूल इंटर्नशिप से पहले दिया विशेष प्रशिक्षण

सिरसा। भावी शिक्षकों को किताबी ज्ञान के साथ कक्षा में पढ़ाने का व्यावहारिक अनुभव देने के लिए शाह सतनाम जी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों के लिए 16 सप्ताह की विद्यालय इंटर्नशिप से पहले ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. रजनी बाला ने कहा कि विद्यालय इंटर्नशिप भावी शिक्षकों के व्यावसायिक विकास का अहम चरण है। इससे विद्यार्थियों को वास्तविक विद्यालय परिवेश में शिक्षण कौशल विकसित करने और अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिलता है। उइंटर्नशिप कार्यक्रम प्रभारी सुरेश कुमार ने विद्यालय प्रशासन, संस्थागत प्रबंधन, अनुशासन व्यवस्था और रिकॉर्ड संधारण की जानकारी दी। उन्होंने सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) की विभिन्न विधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी भूमिका भी समझाई।

श्रीमत सिटी सेंटर के दीवाली मेले में मनोरंजन की भरमार, सजी दुकानें

■ रिंग गेम ने बच्चों व तंबोला ने महिलाओ का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

डबवाली रोड स्थित श्रीमत सिटी सेंटर में आयोजित दीवाली मेले में दर्शकों का हुजूम उमडऩे लगा है। संस्थान की ओर से महिलाओं व बच्चों सहित हर वर्ग के मनोरंजन की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। दस दिवसीय दीवाली मेले के दूसरे दिन जहां ध्वनि म्यूजिकल गुरुप की ओर से हिंदी फिल्मी गीत प्रस्तुत किए गए। वहीं महिलाओं के लिए तंबोला और बच्चों के लिए रिंग गेम ने मेले का आकर्षण दोगुणा कर दिया।



सिरसा। दीवाली मेले में लगी हुई स्टॉल। फोटो : हरिभूमि

करवाचौथ पर्व के बावजूद भारी संख्या में महिलाएं नए-नए परिधान पहनकर मेले का भ्रमण करने आई और उन्होंने करीब चार दर्जन स्टॉलों पर बिक्री के लिए रखे उत्पादों में रूचि दिखाई। श्रीमत टेक्सवर्थ के डायरेक्टर माधव जैन ने बताया कि दीवाली मेला 5 नवंबर तक हर रोज सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जा रहा है। मेले को लेकर श्रीमत सिटी सेंटर को दुल्हन की भांति सजाया गया है।

न्यूज डायरी



सीडीएलयू में विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को जागरूकता रैली आयोजित की गई जिसे विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह की इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है। यह जागरूकता रैली विश्वविद्यालय के एनसीसी और राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इसके आयोजन में एनएसएस समन्वयक प्रो. रोहताश तथा एनसीसी की केयरटेकर अधिकारी डॉ. नीलम रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कुलसचिव ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

लोकतंत्र की मजबूती और मताधिकार की रक्षा के लिए चुनाव आयोग की निष्पक्षता जरूरी: सैलजा

सिरसा। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान की सर्वोच्चता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता तथा प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन लगातार इन्हीं मुद्दों को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में उठने वाले गंभीर सवालों का समाधान संवाद, पारदर्शिता और संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से होना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेतृत्व ने सडक से संसद तक चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े विषय उठाए हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि विपक्ष द्वारा उठाई जा रही चिंताओं पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। लोकतंत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास बना रहे।

गन्ने के भाव में बढ़ोतरी से किसानों की आमदन में होगा सीधा इजाफा: गंगासागर केहरवाला



सिरसा। भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. गंगासागर केहरवाला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के गन्ना किसानों को बड़ी सौगात देते हुए अगले दो वर्षों के लिए गन्ने के भाव में बढ़ोतरी करने की घोषणा को स्वागत योग्य कदम बताया है। केहरवाला ने जारी बयान में कहा कि घोषणा के मुताबिक गन्ने का भाव बढ़ाकर 450 रुपए प्रति क्विंटल किया जाएगा। इस फैसले से प्रदेश के हजारों गन्ना उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के पिराई सीजन में सरकार द्वारा गन्ने का भाव 430 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाएगा, जो पिछले वर्ष के 415 रुपए प्रति क्विंटल के मुकाबले 15 रुपए अधिक है।

पोस्टर मेकिंग में दीपांशु व रंगोली प्रतियोगिता में साजिद रहा अव्वल

■ टेक्नोवर्स-2026 में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से आयोजित टेक्नोवर्स-2026 में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन में दीपांशु शर्मा ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल रहा और उनकी रचनात्मक सोच एवं मेहनत की सराहना की गई। डीन प्रोफेसर मोहम्मद काशिफ किदवई के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका सुमन कुमारी ने किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दीपांशु शर्मा का प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में टीम साजिद ने प्रथम, टीम खुशी ने द्वितीय तथा टीम जसप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



सिरसा। विभिन्न प्रतियोगिता का विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

मिल्क चिलिंग सेंटर में पीएम किसान सम्मान निधि हस्तांतरण कार्यक्रम

सिरसा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर सरदार पटेल को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन व दूधसागर नेशनल मेहसाणा जिला सहकारी दूध उत्पादक लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में डबवाली रोड स्थित मिल्क चिलिंग सेंटर के परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों दूध उत्पादक, पशुपालक और स्थानीय किसान बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के डिजिटल हस्तांतरण का सीधा प्रसारण रहा। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों और दुग्ध उत्पादकों को सहकारिता की ताकत से परिचित कराया गया। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि किस प्रकार अमूल और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां मिलकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बना रही हैं। किसानों को कृषि सुधार, पशुधन बीमा और डेयरी विकास से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे इनका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।



सिरसा। कार्यक्रम में उपस्थित दूध उत्पादक, पशुपालक व किसान।

मुख्य सचिव ने वीसी से संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

शिकायतों का समयबद्ध समाधान करें अधिकारी: एडीसी

आमजन समाधान के लिए सीएम विंडो व सोशल मीडिया का लेते है सहारा : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री शिकायत निवारण प्रणाली (सीएम विंडो) और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक लंबित न रखा जाए। सभी शिकायतों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चरणबद्ध कार्रवाई करते हुए उनका समाधान किया जाए। एडीसी शुक्रवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक उपरांत संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी समस्याओं और शिकायतों को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए सीएम विंडो के साथ-साथ सोशल मीडिया का भी सहारा लेते हैं। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और उस पर प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि मुख्यालय स्तर की शिकायतों के निपटान के लिए अधिकारी मुख्यालय के साथ लगातार संपर्क और तालमेल बनाए रखें, ताकि मुख्यालय स्तर पर लंबित मामलों का भी समय रहते निपटारा हो सके।



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी अर्पित संगल।

लंबित शिकायतों की करें नियमित समीक्षा

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबे समय से लंबित हैं, वे प्राथमिकता से इनका निपटान करें। शिकायतों के निपटारे में किसी भी लापरवाही या देरी होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसलिए सभी विभाग अपने यहां लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करें और प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में डीएसपी सुखबीर सिंह, तहसीलदार प्रदीप कुमार व शुभम शर्मा, सीएमजीजीए पूर्व रोहिल्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता देवी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

आईटीआई में हुआ युवा संवाद कार्यक्रम

सिरसा। मेरा युवा भारत सिरसा की ओर से शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सिरसा में 'युवा संवाद-अपने मताधिकार को जानें' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था, मतदान के महत्व तथा उनके नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम देशभर में आयोजित किए जा रहे 'विकसित भारत युवा संवाद अभियान' का हिस्सा है। इस अभियान के तहत 5 नवंबर 2026 तक देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोडऩे के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।